

दिल्ली कैपिटल्स के हुए यश ढुल


भारतीय अंडर–19 टीम के कप्तान यश ढुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते नजर आएंगे। ढुल को दिल्ली ने 50 लाख रुपए में खरीदा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ढुल ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी। उन्हें रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम में भी जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में भी ढुल ने 82 रनों की पारी खेली थी। यश ढुल ऐसे बल्लेबाज हैं जो मध्यक्रम में पारी को संभाल सकते हैं।

## आईपीएल में दिखेंगे अंडर–19 वर्ल्ड कप विजेता टीम के 5 खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टीम ने अंडर–19 वर्ल्ड कप 2022 को अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। टीम टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं हारी और इसमें कई खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिया। वर्ल्ड कप के दौरान कई खिलाड़ियों को कोरोना हुआ, लेकिन इसका टीम के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। अंडर–19 वर्ल्ड कप के 5 खिलाड़ी आईपीएल 2022 में खेलते नजर आएंगे।

**राज बावा:** राज बावा को पंजाब किंग्स ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा है। बावा फाइनल में टीम की जीत के हीरो थे। उन्होंने इंग्लैंड के 5 बल्लेबाजों को आउट किया। **राजवर्धन हंगरगेकर:** राजवर्धन हंगरगेकर अंडर–19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज थे। उन्होंने उन्हें 1.5 करोड़ रुपए में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा है। **अनीश्वर गौतम:** कर्नाटक के अनीश्वर गौतम को उनके राज्य की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 लाख रुपए में खरीदा। **विक्की ओस्तवाल:** बाएं हाथ के स्पिनर विक्की ओस्तवाल को दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपए में खरीदा है।

## न्यूज डायरी





### फिट नहीं फिर क्यों खर्च किए मुंबई इंडियंस ने जोफ्रा आर्चर पर 8 करोड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी के दौरान काफी हैरान करने वाले फैसले देखने को सामने आए। मुंबई इंडियंस, जो पांच बार की चैंपियन है, ने जोफ्रा आर्चर पर 8 करोड़ रुपये खर्च किए। आर्चर इस सीजन में टीम के साथ नहीं होंगे। वह पहले ही चोट के कारण आईपीएल के इस सीजन से अपना नाम वापस ले चुके हैं। हालांकि मुंबई की टीम के इस फैसले को कुछ लोग भविष्य के निवेश के रूप में भी देख रहे हैं। टीम के मालिक आकाश अंबानी ने रविवार को खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने आर्चर पर इतना बड़ा दांव खेला। आकाश अंबानी ने कहा कि जब एक बार इंग्लैंड का पेसर फिटनेस हासिल कर लेगा तो जसप्रीत बुमराह का मजूबत जोड़ीदार बनेगा। बेंगलुरु में हुई नीलामी के दौरान मुंबई की टीम ने आर्चर पर काफी रकम खर्च की। आकाश अंबानी ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने इन सब चीजों को ध्यान में रखा। कल के बाद जिस तरह से तेज गेंदबाजों को खरीदा गया था, हमारे लिये एक विकल्प बहुत स्पष्ट हो गया था कि जोफ्रा सूची में एकमात्र 'मार्की' तेज गेंदबाज बचे थे।'

### आईपीएल के नीलामीकर्ता ह्यू एडमीड्स स्टेज पर लौटे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरू। इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी के आखिरी घंटे के दौरान तब भावुक क्षण देखने को मिला जब अनुभवी नीलामीकर्ता ह्यू एडमीड्स ने वापसी की और हॉल में मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। विश्व भर में 2700 से अधिक नीलामी का अनुभव रखने वाले एडमीड्स नीलामी के पहले दिन शनिवार को जब श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा के लिये बोली लगा रहे थे तब नीचे गिर गये थे। उन्हें तुरंत उपचार दिया गया और निम्न रक्तचाप के कारण उन्हें चक्कर आया था। इसके बाद ह्यू ने नीलामी में हिस्सा नहीं लिया था। नीलामी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 62 वर्षीय टीवी प्रस्तोता चारू शर्मा की सेवाएं ली जिन्होंने अपनी भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभायी। दूसरे दिन भी चारू शर्मा ने ही नीलामीकर्ता की भूमिका निभाई, लेकिन नीलामी की समाप्त से कुछ समय पहले ह्यू एडमीड्स ने दोबारा स्टेज पर आ गए।

### संजू सैमसन की कप्तानी में आईपीएल में उतरेगी ये नई टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन से पहले दो दिन का मेगा आक्शन किया गया। बैंगलोर में 12 और 13 फरवरी को नए सीजन में भाग लेने वाली सभी 10 टीमों ने हिस्सा लिया। कुल 600 खिलाड़ियों को इस मेगा आक्शन में शामिल किया गया था जिसमें से 204 खिलाड़ियों में ही टीमों ने अपनी रूचि दिखाई। टूर्नामेंट को सबसे पहले अपने नाम करने वाली राजस्थान रायल्स ने एक बार फिर से युवा पर अपना दांव लगाया। टीम ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के लिए 10 करोड़ की उंची बोली लगाई और उनको अपनी टीम का हिस्सा बनाया। आइपीएल के नए सीजन के लिए हुई नीलामी के पहले दिन राजस्थान की टीम ने कुल सात खिलाड़ियों की बोली लगाते हुए उनको अपनी टीम में शामिल किया।

### हार्दिक पांड्या की कप्तानी में तैयार हुई गुजरात टाइटंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के लिए मेगा आक्शन खत्म हो चुका है। 12 और 13 फरवरी के बैंगलोर में हुई इस नीलामी में नए सीजन में भाग लेने वाली सभी 10 टीमों ने बढ़ चढ़कर अपने चहेते खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। टूर्नामेंट में पहली बार शामिल हुई गुजरात टाइटंस ने भी कई खिलाड़ियों को लिए उंची बोली लगाते हुए उसे अपनी टीम के साथ जोड़ा। इस नीलामी में फ्रेंचाइजी टीम ने 10 करोड़ी की सबसे उंची बोली लगाते हुए लोकी फुर्ग्युसन को टीम का सबसे महंगा खिलाड़ी बनाया। टूर्नामेंट में पहली बार उतरने वाली गुजरात की टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या होंगे।

# फिर टूटा एस तेज गेंदबाज श्रीसंत खेलने का सपना

क्रिकेट

## नीलामी के दौरान आक्शन हाल में नहीं लिया गया श्रीसंत का नाम

मेगा आक्शन में 200 से ज्यादा खिलाड़ियों की बोली लगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के लिए हुए मेगा आक्शन में 200 से ज्यादा खिलाड़ियों की बोली लगी। 12 और 13 फरवरी को बैंगलोर में कराया गया आइपीएल 2022 का मेगा ऑक्शन अब खत्म हो चुका है। इस नीलामी में कई खिलाड़ियों को उम्मीद से ज्यादा पैसे मिले तो वहीं एक खिलाड़ी ऐसा था जिसकी उम्मीदों को जोरदार झटका लगा।

भारतीय गेंदबाज एस श्रीसंत को इस नीलामी में शार्टलिस्ट किया गया था लेकिन उनका नाम नहीं आया। भारत की तरफ से दो विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे गेंदबाज श्रीसंत को आइपीएल 2022 के मेगा आक्शन में मौका नहीं मिल पाया। इस गेंदबाज का नाम आइपीएल की नीलामी में उतरने के लिए ड्राफ्ट किया था और उनका नाम आखिरी 590 खिलाड़ियों की लिस्ट में भी था। फिर भी श्रीसंत का नाम नीलामी के दौरान आक्शन हाल में नहीं लिया गया। एक्सलरेटेड आक्शन की वजह से नाम शार्टलिस्ट किए जाने के बावजूद भी उनका नाम आक्शन हाल में नहीं पहुंच पाया।



**फ्रेंचाइजी ने नहीं दिखाई दिलचस्पी**

स्पाट फिक्सिंग में नाम आने की वजह से श्रीसंत पर बीसीसीआइ ने प्रतिबंध लगाया था। 7 साल का प्रतिबंध झेल चुके तेज गेंदबाज ने आईपीएल 2022 मेगा आक्शन में शामिल होने के लिए अपना नाम दिया था। बीसीसीआइ द्वारा जारी आखिरी नीलामी की लिस्ट में उनका नाम भी था। नीलामी में नाम शामिल किए जाने के लिए किसी भी फ्रैंचाइजी ने उनमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे यह पहली बार नहीं जब श्रीसंत को आइपीएल में निराशा हाथ लगी। इससे पहले पिछले साल आईपीएल भी उन्होंने अपना नाम नीलामी के लिए ड्राफ्ट में डाला था। तब उनके नाम को अंतिम लिस्ट में शार्टलिस्ट नहीं किया गया था।

# आईपीएल नीलामी में इलेक्ट्रीशियन का बेटा बना करोड़पति, इस टीम ने लगाया दांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। जब एक इलेक्ट्रीशियन पिता अपने बेटे की क्रिकेट की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहा, तो उसके सभी खर्चों का ध्यान रखने और उससे बढाने के लिये एक कोच आगे आया। इस तरह से वह नौ साल का लड़का, जो कभी हैदराबाद के चंद्रायनगुट्टा इलाके की गलियों में खेल रहा था और जिसका स्टांस, कट और पुल शॉट आकर्षक हैं अब 19 वर्ष की उम्र में इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में 1.7 करोड़ रुपये में खरीदा जाता है। इस युवा खिलाड़ी का नाम है तिलक वर्मा। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा को नीलामी में मुंबई इंडियंस ने खरीदा। तिलक 2022 अंडर–19 वर्ल्ड कप में भारतीय



टीम का हिस्सा भी थे। वे मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं। घरेलू क्रिकेट में तिलक हैदराबाद के लिए खेलते हैं। तिलक का बेस प्राइस 20 लाख रुपए था। पहले सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स ने बोली की शुरुआत की। फिर चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दांव लगाया। इस युवा खिलाड़ी ने इस मुकाम पर पहुंचाने का श्रेय अपने कोच सलाम बायश को दिया, जिन्होंने उन्हें जरूरी साजो सामान और कोचिंग के अलावा भोजन और जरूरत पड़ने पर अपने घर में रहने के लिए भी जगह दी। वर्मा के पिता नम्बूरी नागराजू अपने बेटे को क्रिकेट अकादमी भेजने की स्थिति में नहीं थे लेकिन सलाम ने उसके सभी खर्चों को वहन किया जिसके दम पर आज वह इस मुकाम पर पहुंचा।

वर्मा ने कहा, 'मेरे बारे में भले ही ना लिखो लेकिन मेरे कोच सर का जिक्र जरूर करना।' तिलक वर्मा के पास 15 टी20 मैच का अनुभव है। इसमें उन्होंने 29.30 की औसत और 143.77 की स्ट्राइक रेट से 381 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्धशतक भी हैं। इसके साथ ही वे ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं।

## हर्षल पटेल ने बताया आरसीबी ने क्यों नहीं किया था रीटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। ऑलराउंडर हर्षल पटेल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग की महा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपये देकर खरीदा। जैसे ही हर्षल पटेल पर बोली लगनी शुरू हुई आरसीबी ने बिना कोई वक्त गंवाए बोली लगानी शुरू कर दी। 31 साल के इस पेसर के लिए बाकी टीमों के बीच भी होड़ देखी गई। चेन्नई सुपर किंग्स ने भी बोली लगाई। लेकिन जैसे ही कीमत 4.40 करोड़ तक पहुंची तो चेन्नई की टीम पीछे हट गई। हालांकि बैंगलोर किसी भी तरह से पीछे नहीं हटना चाहती थी। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद की फ्रैंचाइजी भी दौड़ में शामिल हो गई। इसके बाद कीमत लगातार बढ़ती चली गई। आखिर में बैंगलोर ने लगातार कोशिश की और आखिर में उसने हर्षल को 10.75 करोड़ रुपये दिए। हर्षल ने दूसरे दिन की नीलामी से पहले उन्होंने कहा, उन्होंने ने मुझे कहा था कि अगर हम आपको रीटेन करेंगे तो सिर्फ छह करोड़ दे पाएंगे और हमारे पर्स से 9 करोड़ कट जाएंगे क्योंकि आप हमारे चौथे प्लेयर होंगे। हम ऐसा नहीं करना चाहते और चाहते हैं कि आप यह पैसे कमा लूं।